प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 16.01.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल ने केंद्रीय कर्मचारियों के लिए 8वें वेतन आयोग को दी मंजूरी : 2026 में लागू होंगी आयोग की सिफारिशें।
2. मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार ने आज महाकुम्भ क्षेत्र का किया दौरा : प्रस्तावित कैबिनेट बैठक को लेकर तैयारियां पूरी करने के दिये निर्देश।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रॉबर्ट्सगंज में विधायक खेल महाकुंभ के समापन समारोह को किया संबोधित : कहा– सर्वांगीण विकास में खेलों की भूमिका अहम।

और

4. प्रदेश में घने कोहरे और ठंड से जन जीवन प्रभावित : कई जनपदों में रूक–रूक कर हो रही बारिश।

––––––––––

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज केन्द्रीय मंत्रिमंडल मंडल ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए 8वें वेतन आयोग को मंजूरी दे दी है। वेतन आयोग की सिफारिशें 2026 में लागू होंगी। केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा मंत्रिमंडल में दो अहम फैसले लिये गये हैं। श्री वैष्णव ने

कहा कि आठवें वेतन आयोग के लिये चेयरमैन और दो सदस्यों की नियुक्ति होगी। बाइट......

*माननीय प्रधानमंत्री जी ने केंद्र सरकार के सभी कर्मचारियों के लिए एक सेंट्रल पे कमीशन को मंजूरी दे दी। 2016 में लास्ट पे कमीशन 7 पे कमीशन स्टार्ट हुआ था तो 2026 में इसका टर्म कंप्लीट होता है उससे वेल बिफोर 2025 में आईआईटी पे कमीशन एस्टेब्लिश करने से सफीशिएंट टाइम मिलेगा।*

आठवें वेतन आयोग के गठन की घोषणा होने के बाद केंद्रीय कर्मचारियों में खुशी का माहौल है। लखनऊ स्थित राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय में सहायक निदेशक अंशिका बाजपेई ने आकाशवाणी से बातचीत में फैसले का स्वागत किया। बाइट.....

*पे कमीशन के गठन से न सिर्फ वर्तमान केंद्रीय कर्मचारियों को फायदा होगा बल्कि जो लोग सेवानिवृत हो चुके हैं उनकी भी टेंशन में बढ़ोतरी होगी।केन्द्र सरकार ने हमेशा कर्मचारियों के हितों का ध्यान रखा है और ये हम सब के लिए बहुत  ही खुशी का पल है।*

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने स्पेस सेक्टर को लेकर भी बडा फैसला लिया है। श्री वैष्णव ने कहा कि वर्ष 2040 तक भारत के चांद पर पहुंचने के लक्ष्य के तहत तीसरे लांच पैड को मंजूरी दी गई है। बाइट.....

*आज कैबिनेट में माननीय प्रधानमंत्री जी ने तीन हज़ार नौ सौ पचासी थ्री थाउजेंड नाइन हंड्रेड आईटी फाइव करोड़ रुपीस की कॉस्ट से थर्ड लॉन्च पैड सैंक्शन किया है जो कि देश के लिए स्पेस इंफ्रास्ट्रक्चर में बहुत एक इम्पोर्टेंट  माइलस्टोन साबित होगा। अगले तीस वर्षों को ध्यान में रखें। इस इंफ्रास्ट्रक्चर की डिजाइन की जा रही है।*

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचे। मुख्यमंत्री ने सर्किट हाउस में विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री कल जनप्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे। इससे पूर्व मुख्यमंत्री आज सोनभद्र के रॉबर्ट्सगंज में आयोजित विधायक खेल महाकुंभ क समापन समारोह में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास के लिए सर्वांगीण विकास की रुपरेखा को आगे बढ़ाना होगा।

बाइट......

*केवल एक जगह के विकास से प्रदेश का विकास नहीं होगा हमें सर्वांगीण विकास की रूपरेखा को आगे बढ़ाना पड़ेगा इसमें आध्यात्मिक सांस्कृतिक विरासत का विकास तो हो ही भौतिक विकास के कार्य भी हो शिक्षा स्वास्थ्य के साथ। साथ रोजगार और खेलकूद की गतिविधियों को भी उतनी प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जाए और इसी को ध्यान में रख कर के प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में पिछले दस वर्ष के अंदर विकास के नित नए प्रतिमान को स्थापित करने का काम किया गया है।*

———————

प्रयागराज में आस्था और संस्कृति के भव्य आयोजन महाकुंभ में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला लगातार जारी है। 29 जनवरी को मौनी अमावस्या पर्व पर होने वाले अमृत स्नान की तैयारियों जोरों पर हैं। तैयारियों के मद्देनजर आज मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार ने महाकुम्भ क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान मुख्य सचिव और डीजीपी ने आईसीसीसी सभागार में

उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक भी की। मुख्य सचिव ने महाकुम्भ में जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन और प्रदेश सरकार की संभावित कैबिनेट बैठक को लेकर सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव और डीजीपी ने सुरक्षा व्यवस्था की भी समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

————————

महाकुंभ मेला में देश विदेश से आए श्रद्धालु पवित्र संगम में डुबकी लगा रहे हैं। महाकुंभ क्षेत्र में आज 10 देशों के 21 सदस्यीय दल ने संगम नोज में पवित्र डुबकी लगाई। त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाने के बाद प्रतिनिधि दल ने विभिन्न अखाड़ों समेत समूचे महाकुम्भ क्षेत्र का दौरा किया। पेश है एक रिपोर्ट......

*अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने दुनिया के इस सबसे बड़े आयोजन के भव्य इंतजाम के लिए प्रदेश सरकार की सराहना की। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ दुनिया को एकता का संदेश दे रहा है। भारतीय संस्कृति को देखने और समझने के लिए सभी देशों के लोगों को यहां महाकुंभनगर जरूर आना चाहिए। विदेश मंत्रालय, भारत सरकार के एक्सटर्नल पब्लिसिटी एंड पब्लिक डिप्लोमेसी डिवीजन द्वारा आमंत्रित इस दल में फिजी, फिनलैंड, गयाना, मलेशिया, मॉरीशस, सिंगापुर, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, त्रिनिदाद एंडटोबैगो और संयुक्त अरब अमीरात के प्रतिनिधि शामिल थे। 21 सदस्यीय दल कल प्रयागराज पहुंचा था। प्रवीण मिश्र आकाशवाणी समाचार प्रयागराज।*

————————

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मार्य ने आज महाकुंभ क्षेत्र में गंगा पंडाल में संस्कृति विभाग के संस्कृति का संगम

कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उद्घाटन के अवसर पर गीतकार शंकर महादेवन ने महाकुंभ की प्रशंसा की। उन्होंने चलो कुंभ चले गीत प्रस्तुत किया। शंकर महादेवन ने महाकुंभ जैसे भव्य आयोजन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया।

प्रदेश के वित्त और संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने आज महाकुंभ नगर, सेक्टर–2 में संविधान गैलरी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री खन्ना ने कहा कि यह गैलरी महाकुंभ में आने वाले लोगों को संविधान में दिए गए अधिकारों और कर्तव्यों को समझने का अनूठा अवसर प्रदान करेगी।

—————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

—————————

प्रयागराज का महाकुंभ संस्कृति और आध्यात्मिकता के साथ–साथ पर्यावरण संरक्षण की सशक्त पहचान बन रहा है।

प्रयागराज इस महीने की 31 तारीख को हरित महाकुंभ की मेजबानी करेगा। पेश है एक रिपोर्ट......

*हरित महाकुंभ में देशभर से एक हजार से अधिक पर्यावरण और जल संरक्षण कार्यकर्ताओं को एक मंच प्रदान करेगा, जहां वे प्रकृति, पर्यावरण, जल और स्वच्छता से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करेंगे। विशेषज्ञ प्रकृति के पांच तत्वों के संतुलन को बनाए रखने और लोगों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के बारे में अपने अनुभव और जानकारी साझा करेंगे। वहीं मेला प्रशासन महाकुंभ नगर क्षेत्र में प्लास्टिक और थर्माकॉल की बजाय कुल्हड़, दोना और पत्तल जैसे पर्यावरण अनुकुल सामग्री को बढावा दे रहा है। वहीं सौर ऊर्जा को उपयोग और ई–वाहन जैसे पर्यावरण अनुकूल परिवहन महाकुंभ 2025 की अन्य विशेषताएं हैं। अनुपम मिश्र के साथ आनंद कुमार, आकाशवाणी समाचार, महाकुंभ नगर, प्रयागराज।*

——————

अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर 5 फरवरी को होने जा रहे उपचुनाव के लिए आज भाजपा प्रत्याशी चंद्रभान पासवान ने दो सेट में नामांकन दाखिल किया। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, सूर्य प्रताप शाही समेत अन्य कई मंत्री भी मौजूद रहे। अब तक कुल चार लोगों ने नामांकन दाखिल किया है। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 17 जनवरी है। नामांकन पत्रों की जांच 18 जनवरी को की जाएगी।

——————

गोरखपुर–मैलानी एक्सप्रेस संख्या 15009 व 15010 को पीलीभीत तक विस्तारित कर दिया गया है। इससे पीलीभीत जिला राजधानी लखनऊ और गोरखपुर से सीधे जुड़ गया है। पीलीभीत के सांसद और केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस एक्सप्रेस ट्रेन के संचालन से पीलीभीत व आसपास की जनता को फायदा मिलेगा।

—————————

घने कोहरे आर आज सुबह से रुक रुक कर हो रही के चलते प्रदेश में जनजीवन प्रभावित हो गया है। राज्य के कई जिलों में बारिश की वजह से पारा गिर गया है। राजधानी लखनऊ में भी बारिश के चलते ठंड बढ़ गई है। शामली, बरेली और मैनपुरी में भी बारिश के चलते लोगों को परेशानियां उठानी पड़ीं। प्रदेश के कई जिलों में ठंड के चलते आठवीं कक्षा तक के स्कूलों में छुट्टियां बढ़ा दी गई हैं। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के लिए प्रदेश में घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है।

(समाप्त)